आई टी एल पब्लिक स्कूल

पुनरावृति अर्धवार्षिक कार्यपत्रिका (2026-27)

विषय- हिंदी

दिनांकः 2026 कक्षाः चतुर्थ

समयः 2 घंटे कुल अंक : 50


नामः अनुक्रमांकः

सामान्य निर्देश- 1)इस कार्यपत्रिका में 3 पृष्ठ, 4 भाग और कुल 12 प्रश्न हैं।

2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

3) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| | भाग क- पठन कौशल | 5 |
| प्रश्न 1 | नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br><br>2 अक्तूबर 1957 का दिन था। नेहरु जी लालकिले पर एक कार्यक्रम देख रहे थे। अचानक एक स्थान पर शामियाने यानि टैंट में आग लग गई।चारों ओर शोर मच गया।लोग आग से बचने के लिए इधर- उधर भागने लगे।उसी समय एक बहादुर लड़के ने अपनी जान की परवाह किए बिना आस पास नज़र दौड़ाई तो एक चाकू नज़र आया।उसने चाकू से काटकर आग वाले शामियाने को अलग कर दिया और सैंकड़ों लोगों की जान बचाई। चौदह वर्ष के इस बालक का नाम हरीशचंद्र था उसकी बहादुरी से प्रभावित होकर नेहरु जी ने उसे पुरस्कार दिया व हर वर्ष बहादुर बच्चों को सम्मानित करने का निर्णय लिया। तभी से प्रतिवर्ष 14 नवंबर बाल दिवस पर भारत के 24 बहादुर बच्चों के नामों की घोषणा की जाती है तथा 26 जनवरी अर्थात गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में प्रधानमंत्री द्वारा पुरस्कार दिया जाता है। | |
| | (क) नेहरु जी कहाँ कार्यक्रम देख रहे थे?<br>अ) ताजमहल पर ब) शामियाने पर स) जयपुर में द) लालकिले पर | |
| | (ख) किस दिन भारत के 24 बहादुर बच्चों के नामों की घोषणा की जाती है?<br>अ) 4 नवंबर ब) 2 अक्तूबर स) 26 जनवरी द) 14 नवंबर | |
| | ग) गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में किसके द्वारा पुरस्कार दिया जाता है ?<br>अ) रक्षामंत्री ब) राष्ट्रपति स) प्रधानमंत्री द) हरीशचंद्र | |
| | घ) बालक कितने साल का था व उसका क्या नाम था ? | |
| | ङ) बालक ने सैंकड़ों लोगों की जान कैसे बचाई ? | |
| | भाग -ख भाषा कौशल | 20 |
| प्रश्न 2 | दिए गए शब्दों के वचन बदलिए।<br>(क) दवाइयाँ (ख)तिनका (ग)मूँछ (घ)स्त्री | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 3 | दिए गए चित्रों को देखकर तीन - तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए।<br>(क)  (ख)  | |
| प्रश्न 4 | निम्नलिखित वाक्यों में उचित क्रिया शब्द भरें।<br>(क) आसमान में पतंग ________ ।<br>(ख) माता जी गाना ________।<br>(ग) छत पर बच्चे ________ रहे थे ।<br>(घ) सुमन कक्षा तृतीय में ________ है।<br>(ङ) शेर ने ________ लगाई। | |
| प्रश्न 5 | निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए।<br>(क) चींटी के आठ पैर होते हैं।<br>(ख) राम और मोहन ने साहस से काम किया।<br>(ग) पिताजी बोले- स्कूल बस समय पर आ रही है।<br>(घ) मुझे ऊँचाई से डर लगता है।<br>(ङ) चाचाजी दुकान से मिठाई खरीद रहे थे। | |
| प्रश्न 6 | रिक्त स्थान में उचित संज्ञा शब्द भरें।<br>(क) मेरी ________ मनाली घूमने गई है।<br>(ख) मैं वंदे भारत ________ से घूमने गया।<br>(ग) ________ बोले- परीक्षा की तैयारी समय पर करनी चाहिए।<br>(घ) बेटे की ________ दादाजी देख नहीं सके। | |
| | भाग- ग साहित्य कौशल | **20** |
| प्रश्न 7 | कविता की पंक्तियाँ पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>कैसा हो अपना आहार ,<br>आओ मिलकर करें विचार। | |

| | | |
|---|---|---|
| | चावल, दाल और सब्ज़ी खाओ<br>तन में चुस्ती फुर्ती लाओ।<br>केवल आलू तुम मत लाना<br>परवल, भिंडी, नेनुवा भी खाना।<br>क) इन पंक्तियों की कविता का नाम लिखिए।<br>ख)दी गई पंक्तियों में किस बात पर विचार किया जा रहा है ?<br>ग) तन में चुस्ती कैसे आएगी ?<br>घ) पंक्तियों में से दो तुकबंदी शब्द ढूँढ़कर लिखिए। | |
| प्रश्न **8** | रिक्त स्थान में उचित शब्द भरें।<br>(क) ———— का राज्य पृथ्वी, स्वर्ग और पाताल तक फैला हुआ था।<br>(ख) ———— राज्य का एक स्थान है आरन्मुला।<br>(ग) याचना शब्द का अर्थ ———— है ।<br>(घ) हमें ———— से अधिक खाने पर पछताना पड़ता है। | |
| प्रश्न **9** | वाक्य पढ़कर बताइए किसने, किससे कहा?<br>(क) "अरे, यह क्या गिरा?"<br>(ख) "ठहरो, कुछ बताओ तो।" | |
| प्रश्न **10** | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर **20-30** शब्दों में दें।<br>(क) कहानी \`आसमान गिरा\` में कौन -कौन से पात्रों के नाम आए हैं?<br>(ख) कौन खरगोश की बातों में नहीं आया और उसने क्या किया?<br>(ग) "खूब करो पानी का व्यवहार, इसकी महिमा अपरंपार।" इस पंक्ति के माध्यम से क्या संदेश दिया गया है? | |
| प्रश्न**11** | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर **30-40** शब्दों में दें।<br>(क) हमारे त्योहारों की कौन-सी बातें ओणम से मिलती जुलती हैं?<br>(ख) ओणम का त्योहार कब मनाया जाता है? यह किस पौराणिक कथा पर आधारित है? | |
| | भाग- घ लेखन कौशल | |
| प्रश्न**12** | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर **10-12** पंक्तियों में अनुच्छेद लिखें।<br>मेरा विद्यालय<br>या<br>वर्षा ऋतु | **5** |